(e) what are the details of the 'mitigation plans" if any, evolved by Govemment for the betterment of such people?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPTT. OF EDUCATION AND DEPTT. OF CULTURE) (KUMARI SELJA) : (a) No study on the primitive people has been conducted. The Anthropological Survey of India has conducted a nationwide survey of all communities of India under 'People of India' project, covering all possible aspects and the results are being published in a series of publications. It has been observed from this survey that the whole of India is a 'kshetra' and an Indian is a migrant par excellence.

(b) to (e) Do not arise.

कौमी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सराय खलील, दिल्ली की इमारत को गिराया जाना

3365. **श्री मोहम्मद अकबल उर्फ मंगू अकबल :**
क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कौमी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सराय खलील, दिल्ली-6 की इमारत को 1976 में दिल्ली विकास प्राधिकरण ने गिरा दिया था;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि यह स्कूल 1976 से ईदगाह की खुली जगह पर तम्बुओं में चल रहा है;

(ग) यदि हां, तो स्कूल की अधिसूचित की गई भूमि के बदले अभी तक कोई और भूमि आवंटित न किए जाने के क्या कारण हैं; और

(घ) क्या इस स्कूल के लिए भूमि आवंटित किए जाने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) और (ख) जी, हां ।

(ग) और (घ) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, उस सरकार की भूमि आवंटन समिति ने स्कूल के लिए उपयुक्त स्थान के आवंटन हेतु दिल्ली विकास प्राधिकरण की सिफारिश करने के लिए पहले ही कार्रवाई की है ।

उर्दू विश्वविद्यालय की स्थापना

3366. **श्री मोहम्मद अकबल उर्फ मंगू अकबल :**
मौलाना अब्दुल्ला खान आजमी :

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को उर्दू विश्वविद्यालय की स्थापना के बारे में गठित की गई समिति का प्रतिवेदन प्राप्त हो गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त विश्वविद्यालय की स्थापना कहां की जाएगी; और

(घ) इसकी स्थापना कब तक कर दिये जाने की संभावना है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) जी, हां ।

(ख) उर्दू विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए समिति ने जून, 1993 में सरकार को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की । इस समिति की प्रमुख सिफारिशें ये हैं:--एक नया उर्दू विश्वविद्यालय गठित करना जो उपयुक्त परिवर्तनों तथा रूपान्तरों के साथ इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालयों की पद्धति पर सभी के लिए हो और जिसका स्वरूप पूर्णतः धर्मनिरपेक्ष हो, इसके पुराने दूरस्थ शिक्षा स्वरूप के बावजूद चयनात्मक आधार पर शिक्षण संस्थाओं को खोलो और संस्थाओं के संबंध के लिए सामर्थ्यकारी उपबंध, और उर्दू के माध्यम से विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी और रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रमों की शिक्षा देने पर और अधिक बल देना ।

(ग) और (घ) सरकार समिति की रिपोर्ट पर विचार कर रही है ।